कार्यालय नियंत्रक नाप तौल (विधिक मापविज्ञान) मध्यप्रदेश भोपाल

होशंगाबाद रोड, गायत्री मंदिर के पास भोपाल पिन – 462011
Tele- 0755-2551017 Fax – 0755-2768638 E-mail – cwmbho@mp.nic.in

क्र0 3893/ नातौ / अ–1(1) / 2015 भोपाल, दिनांक 22/07 / 2015

प्रति,

समस्त निरीक्षक,
नाप–तौल (विधिक मापविज्ञान)
मध्यप्रदेश

विषय :– मोबाईल व्हेब्रिज टेस्टिंग किट के द्वारा प्रदेश में स्थापित समस्त व्हेब्रिजेस की जांच ।

– – 00 – –

विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 14.07.2015 के माननीय मंत्री जी खाद्य, म.प्र. शासन द्वारा मुख्यालय पर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली जिसमें निर्देश दिए गए है कि प्रदेश में स्थापित समस्त व्हे–ब्रिजेस की जांच मोबाईल व्हे–ब्रिज टेस्टिंग किट के द्वारा दिनांक 31.03.2016 तक कराई जावे।

अतः इसी तारतम्य में आपकों निर्देश दिए जाते है कि आपके कार्यक्षेत्र में स्थापित व्हे–ब्रिजेस रूट के अनुसार जानकारी तैयार कर शीघ्र अपने उप / सहायक नियंत्रक कार्यालय को उपलब्ध कराए ताकि जांच हेतु मोबाईल व्हे–ब्रिजेस टेस्टिंग किट आपकों उपलब्ध कराई जाने के लिये वे कार्यवाही यथा समय कर सकें। यह इसलिये भी आवश्यक है कि वर्तमान में पूरे प्रदेश के लिये 4 किट्स उपलब्ध है जिनसे प्रत्येक व्हेब्रिज की जॉंच तय समय सीमा में कराना है, अतः आप तत्काल इस संबंध में व्हेब्रिज की स्थापना स्थलों के संबंध में परिवहन का चार्ट व इस हेतु लगने वाले कुल आवश्यक दिवसों का विवरण तत्काल उपलब्ध करावें। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

(एस.के जैन)
नियंत्रक
नाप–तौल (विधिक मापविज्ञान)
म0प्र0 भोपाल

पृ0 क्र0 3894/ नातौ / अ–1(1) / 2015 भोपाल, दिनांक 22/07 / 2015

प्रतिलिपि :–

समस्त उप / सहायक नियंत्रक, नाप–तौल (विधिक मापविज्ञान) मध्यप्रदेश की ओर पालनार्थ। उपरोक्त निर्देशानुसार अधिनस्थ निरीक्षकों से व्हेब्रिज रूट की जानकारी प्राप्त कर एकजाई करते हुये अविलंब इस कार्यालय को प्रेषित करें।

नियंत्रक
नाप–तौल (विधिक मापविज्ञान)
म0प्र0 भोपाल